हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 19 .0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

बच्चों ने नृत्य से मोहा सबका मन 11



अहिरका में 31 लाख से होगा चौपाल का निर्माण 11



## खबर संक्षेप

### पांच लाख हड़पे, चालक व सहायक पर केस दर्ज

**जींद।** हैचरी करोबारी कर पांच लाख रुपये की राशि हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने गाड़ी के चालक तथा उसके सहायक के खिलाफ गबन का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों के वार्ड सात निवासी मोहनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अंडो का कारोबार है।

### वाइस चेयरपर्सन सोमपति की कुर्सी का फैसला आज

**कलायत।** 26 दिसंबर को अविश्वास बैठक में ब्लाक समिति वाइस चेयरपर्सन सोमपति की कुर्सी का निर्णय होगा। एडीसी सुशील कुमार बतौर चुनाव अधिकारी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके मद्देनजर कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति की तरफ से समिति के सभी 22 सदस्यों को बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहले ही सूचना भेजी जा चुकी है।

### पारिवारिक संपत्ति हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर पारिवारिक संपत्ति हड़पने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान कैथल जिले के गांव करोड़ा हाल कुरुक्षेत्र निवासी रणदीप के रूप में हुई है। थाना सिविल लाइन जींद की प्रभारी पीएसआइ पूजा ने बताया कि थाना सिविल लाइन में 18 सितंबर 2022 को दर्ज मुकद्मा दर्ज हुआ था।

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कुरूक्षेत्र के डा. रवि शंकर ने थाना शहर कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नानकपुरी कालोनी के प्राध्यापक अविनाश पाठक ने 19 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भडकाऊ व अभद्र टिप्पणी की जिससे उसकी भावनाओं को ठेस पहुंची है।

### नेशनल हाईवे पर शराब से भरी पिकअप पकड़ी

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने पिल्लूखेड़ा के निकट नेशनल हाईवे 152डी पर पिकअप गाड़ी को काबू कर उसमें से 170 पेटी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी अंबाला-नारनौल नेशनल हाईवे 152डी पर आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रखे हुई थी।

### विवाहिता ने लगाया मारपीट का आरोप

**कैथल।** पूंडरी की एक कॉलोनी निवासी 35 साल की विवाहिता ने दपंती पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। मामले में विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूंडरी थाना पुलिस को दी गई शिकायत में विवाहिता ने बताया कि 16 दिसंबर को वह दोपहर के समय घर पर अकेली थी।

### मारपीट में युवक घायल अज्ञात के खिलाफ केस

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। ब्राह्मणी वाला के विकास ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 दिसंबर को जब उसका बेटा कुतुबपुर रोड कैथल से जा रहा था तो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी फरार हो गए।

### असला सप्लाई मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने वाले अपराधियों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते थाना ढांड पुलिस द्वारा एक असला सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी नवीन से पूछताछ उपरांत खुलासा हुआ था कि उसको यह असला अमुनेशन आरोपी हर्ष द्वारा सप्लाई किया गया था।

### सुभाष नंबरदार की अध्यक्षता में 36 बिरादरी के लोगों की पंचायत हुई

# गांव चूहड़माजरा का नाम ब्रह्मानंद माजरा रखने की घोषणा का विरोध

### मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम में गांव का नाम बदलने की घोषणा की थी

**ग्रामीणों की बिना सहमति के बदला गांव का नाम**



ढांड। गांव का नाम बदलने के विरोध में एकत्रित हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

सीएम द्वारा गांव चूहडमाजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा रखने की घोषणा का ग्रामीणों ने विरोध किया है। इसे लेकर वीरवार को 36 बिरादरी के लोगों की पंचायत सुभाष नंबरदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें 36 बिरादरी के लोगों ने अपने-अपने विचार रखें। बता दें कि गुरु ब्रह्मानंद जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गांव चूहडमाजरा का नाम ब्रह्मानंद माजरा करने की घोषणा की थी लेकिन अब ग्रामीणों ने इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया है। खास बात यह भी है कि अब सरपंच ने भी ग्रामीणों की हां में हां मिला दी है तथा गांव का नाम न बदलने को लेकर डीसी को प्रस्ताव भेजने की बात कही है। ग्रामीणों ने वीरवार को बैठक के दौरान कहा कि सरपंच द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष मांग पत्र में गांव का नाम बदलने की मांग रखने से पहले ग्राम सभा की मीटिंग बुलानी चाहिए थी। इसमें यह प्रस्ताव रखा जाता अगर ग्रामीण एकमत से गांव का नाम बदलने पर सहमति देते तो ही सरपंच को मुख्यमंत्री के समक्ष गांव का नाम बदलने का मांग पत्र रखने का अधिकार था लेकिन यह मांग पत्र सरपंच ने स्वयं अपनी सूझबूझ या किसी दबाव में आकर दिया है यह बात अभी ग्रामीणों की समझ से परे है। ग्रामीणों ने विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया है कि 20 सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी सबसे पहले सरपंच से गांव का नाम बदलने की बात पूछेगी। उसके बाद सरपंच की अध्यक्षता में उपायुक्त से मिलेंगे। इसमें ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर गांव का नाम चूहडमाजरा ही रखने की मांग की जाएगी। नंबरदार ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर भी उन्हें इस मामले से अवगत कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जितनी आस्था गुरु ब्रह्मानंद में है उससे भी बढ़कर चूहड साध में आस्था रखते हैं। जिसके नाम से गांव की उत्पत्ति हुई वह कोई साधारण व्यक्ति नहीं था। इस प्रकार से गांव का नाम बदलकर साधु संतों का अपमान नहीं करना चाहिए। इससे तो आने वाली पीढ़ियों में गलत संदेश जाएगा। सुभाष नंबरदार ने बताया कि आज की ग्राम सभा में सरपंच को निमंत्रण दिया गया था लेकिन उसके गांव से बाहर होने की वजह से वह नहीं पहुंच सका।

#### मैं गांव के साथः सरपंच

सरपंच कविता ने बताया कि ग्रामीण गांव का नाम बदलने का विरोध कर रहे हैं। मैं भी ग्रामीणों के साथ हूं। जैसा ग्रामीण चाहेंगे वैसा ही होगा। इस बारे में उपायुक्त को मिलकर एक मांग पत्र सौंपा जाएगा जिसमें गांव का नाम न बदलने की मांग की जाएगी।

#### गांव में समाधि

सुभाष नंबरदार ने बताया कि 650 वर्ष पूर्व इस गांव की धरती पर बने तालाब के किनारे चूहड साध तपस्या कर रहे थे। फरल गांव से चार-पांच बुजुर्ग चूहड साध की शरण में आए। उनके आशीर्वाद से यहां गांव बसा जिसका नाम चूहडमाजरा रखा गया। जिसकी समाधि आज भी गांव में बनी हुई है। समस्त ग्रामीण उसकी पूजा करते हैं।



कलायत। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों के खिलाफ विरोध जताते शिक्षक।

## लावारिश पशुओं की गणना करवाने के काम का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसो खंड कलायत प्रधान ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में लेक्चररों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी कैथल द्वारा विद्यालयों के अध्यापकों से आवारा पशुओं की गणना जैसे गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जाने के आदेशों पर कड़ा एतराज जताया गया। सर्वसम्मति से इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित किया। खंड प्रधान ईश्वर सिंह ने कहा कि निदेशालय शिक्षा विभाग पंचकूला द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके हैं कि शिक्षकों से कोई भी गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं कराया जाएगा। इसके बावजूद ऐसे निर्देश जारी होना न केवल विभागीय आदेशों की अवहेलना है बल्कि शिक्षक वर्ग की गरिमा के साथ अन्याय भी है। शिक्षक का मूल दायित्व शिक्षण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ा है और इस प्रकार के कार्य शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करते हैं। शिक्षक इस तरह के कार्यों का कड़ा विरोध करते हैं और कोई भी साथी इस प्रकार का कार्य करने के लिए क्षेत्र में नहीं जाएगा। स्कूल लेक्चरर एसो. कलायत संरक्षक प्रशांत गौतम, सुभाष शास्त्री, पहलवान सिंह, सतबीर सिंह, सतीश मौण, प्रदीप कुमार, धीर सिंह व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

#### शैक्षणिक दबाव से जूझ रहे

खंड महासचिव सुनील खुमरा ने कहा कि आज शिक्षक पहले ही परीक्षा कार्य, आनलाइन पोर्टल, रिपोर्टिंग और विभिन्न शैक्षणिक व और शैक्षणिक दबावों से जूझ रहा है। ऐसे में उस पर अतिरिक्त और अप्रासंगिक कार्य थोपना मानसिक उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। सरकार द्वारा घोषित नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू न करना प्रशासनिक असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

## 2 किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एक तरफ जहां पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस ने नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सैल द्वारा गांव खेड़ी गुलाम अली से आरोपी को 2 किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई राजकुमार की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम गश्त दौरान गांव खेड़ी गुलाम अली क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को जानकारी मिली कि गांव खेड़ी गुलाम अली निवासी विक्रम काफी समय से नशीला पदार्थ गांजा फुल पत्ती बेचने का काम करता है। जो गांजा फुस पत्ती बेचने के लिए जाने वाले है, उसके मकान पर दबिश देकर उसे काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने पुलिस ने विक्रम उपरोक्त के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध खेड़ी गुलाम अली निवासी विक्रम को उसके मकान के पास गली से काबू कर लिया गया। नियमानुसार कार्रवाई उपरांत डीएसपी गुरविंद्र सिंह के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में एक बैग अंदर रखे पॉलीथिन से 2 किलो 600 ग्राम गांजा फुल पत्ती बरामद हुई।

## संदिग्ध हालात के चलते महिला ने फंदा लगा जान दी

**पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा ले जाते परिजन। फोटो :हरिभूमि

रूप नगर में संदिग्ध हालात के चलते महिला ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। शहर थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर आरोपित पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रूप नगर निवासी नवीन राज की पत्नी नेहा (20) का शव अपने मकान मे फांसी के फंदे पर पंखे पर लटकता देखा गया। फंदा चुन्नी से बनाया गया था। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा लिया। मृतका के पिता विद्या नगर भिवानी निवासी शेरसिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी नेहा की शादी लगभग एक साल पहले रूप नगर निवासी नवीन राज के साथ हुई। शादी के बाद से ही उसका पति दहेज को लेकर उसकी बेटी के साथ मारपीट करता था। जिसको लेकर दोनों पक्षो के बीच पंचायत भी हुई। बावजूद इसके उसकी बेटी का उत्पीडऩ जारी रखा। जिससे परेशान होकर उसकी बेटी ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। शहर थाना पुलिस ने शेर सिंह की शिकायत पर आरोपित पति नवीन राज के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना के जांच अधिकारी रामरत्न ने बताया कि मृतका के पिता ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



राजौंद। पेक्स कार्यालय के कमरे में आई दरारों का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

#### तालाब के पानी से पैक्स कार्यालय की दीवारों में आई दरारें

**राजौंद।** पैक्स कार्यालय में एक कमरे की दीवारों में दरारें आने से, भारी नुकसान होने का अंदेशा बन गया है। हर समय दीवारों के साथ पानी भरा रहने से दीवारों व लेटर के ऊपर काफी लंबी-लंबी दरारें आ रही हैं जिससे एक कमरा किसी भी समय धराशाई होकर एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है। कर्मचारियों ने बताया कि बार-बार पानी निकासी को लेकर कहा गया फिर भी पानी निकासी की अभी तक भी कोई व्यवस्था नहीं है।हर समय सारा पानी पेक्स कार्यालय की दीवारों के साथ सटा हुआ है। इसी कारण दीवारों में पानी भरने से अब कमरे की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। जो किसी भी समय धराशाई हो सकता है।

## 13 केंद्रों पर बुनियाद परीक्षा आज

**जींद से 4473 बच्चों ने किया है आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बुनियाद लेवल 1 की परीक्षा शुक्रवार को होगी। परीक्षा के लिए जिले में 4473 बच्चों ने आवेदन किए हैं। परीक्षा के लिए 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा के माध्यम से बैच 2025-27 के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। विकल्प संस्थान की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को जेईई व नीट के लिए तैयार करना आरंभ कर दिया जाता है, जिसके लिए नौवीं व 10वीं कक्षा में ही उन्हें नीट व जेईई की बेसिक कोचिंग दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट के साथ ही बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता भी दिया जाता है। मिशन बुनियाद के तहत उचाना से 944, जींद से 818, सफीदों से 747, नरवाना से 742, जुलाना से 709, अलेवा से 311, पिल्लूखेड़ा से 202 बच्चों ने आवेदन किए हैं।

#### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाना लक्ष्य

प्रथम चरण की परीक्षा 24 दिसंबर को होने के बाद इस परीक्षा का परिणाम 20 जनवरी 2026 को जारी होगा। इसके बाद द्वितीय चरण की परीक्षा 30 जनवरी 2026, परीक्षा का परिणाम 25 फरवरी, तृतीय चरण की परीक्षा तीन अप्रैल व परिणाम 5 मई को होगा। दाखिले को लेकर काउंसिलिंग सात मई को होगी व नया बैच 15 मई को होगा। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह ने बताया कि मिशन बुनियाद का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाना है। शुक्रवार को बुनियाद लेवल 1 की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी।

## सीए -ऑपरेटर ने छापेमारी कर रिकवरी के 5.17 लाख हड़पे

- अधिकारियों ने रिकवरी के बारे में पूछताछ करने पर खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के सीवन में बिजली निगम के दो कर्मचारियों ने निगम की रिकवरी लाखों रुपए राशि हड़पने का मामला सामने आया है। सब डिवीजन में कार्यरत सीए व ऑपरेटर ने बिजली चोरी के दौरान छापेमारी कर रिकवर की 5.17 लाख जुर्माना राशि का गबन कर दिया। एसडीओ आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते करीब 2 साल से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की टीम विभिन्न गांव में जाकर बिजली चोरी के मामले पकड़ रही थी। इस दौरान पकड़े गए मामलों में लोगों से वसूली जुर्माना राशि 5.17 लाख से ज्यादा बनती है। निगम के कार्यालय में कार्यरत सीए प्रीतम सिंह और ऑपरेटर दिनेश ने राशि का गबन कर लिया। जब अधिकारियों ने रिकवरी के बारे में इनसे पूछा, तो गबन के बारे में पता चला ऐसा कर दोनों आरोपियों ने निगम के साथ धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और रिकवरी के पैसे वापस निगम को दिलाने की मांग की है।

### कुरुक्षेत्र से फुलेरा के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला

# रेलवे की खाटू श्रद्धालुओं को विशेष सौगात

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

रेलवे विभाग ने नए साल पर खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सौगात दी है। भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने कुरुक्षेत्र से फुलेरा के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन 29 दिसंबर से शुरू होकर 2 जनवरी तक चलेगी। ट्रेन कुरुक्षेत्र से चलकर कैथल, जींद, रोहतक और नारनौल होते हुए फुलेरा पहुंचेगी। इस ट्रेन से हरियाणा और राजस्थान के हजारों



श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा। उत्तर रेलवे द्वारा कुरुक्षेत्र-फुलेरा-कुरुक्षेत्र के बीच एक जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें पूरी तरह अनारक्षित होंगी। जिससे यात्री सामान्य टिकट लेकर आसानी से यात्रा कर सकेंगे। रेलवे अधिकारियों अनुसार ट्रेन नंबर 09711/09712 (कुरुक्षेत्र-फुलेरा-कुरुक्षेत्र) का संचालन कुल 4 फेरों में किया जाएगा। यह स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र स्टेशन से 29 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक चलेगी। जबकि फुलेरा से वापसी में इसका संचालन 30 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक रहेगा। ट्रेन में कुल 14 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 12 साधारण कोच और 2 एसएलआर कोच शामिल होंगे।

#### बढ़ेगी सुविधा

कैथल के रेलवे स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि रेलवे ने 29 दिसंबर से ट्रेन नंबर 09711/09712 (कुरुक्षेत्र-फुलेरा-कुरुक्षेत्र स्पेशल) ट्रेन के संचालन का फैसला लिया है। यह ट्रेन आगामी 2 दिसंबर तक जारी रहेगी। रेलवे ने ट्रेन के संचालन का यह फैसला नए साल पर खाटू श्याम मंदिर में जुटने वाली भीड़ को लेकर लिया है।

| स्टेशन | कुरुक्षेत्र का समय | फुलेरा का समय |
|---|---|---|
| कुरुक्षेत्र | 23:30 | 20:00 |
| कैथल | 00:08 | 17:50 |
| नरवाना | 00:52 | 17:07 |
| जींद | 01:23 | 16:30 |
| रोहतक | 02:28 | 15:38 |
| अस्थल बोहर | 02:43 | 15:25 |
| झज्जर | 03:03 | 14:52 |
| रेवाड़ी | 04:25 | 14:05 |
| कुंड | 04:48 | 13:13 |
| अटेली | 05:03 | 12:58 |
| नारनौल | 05:19 | 12:42 |
| डाबला | 05:42 | 12:04 |
| नीम का थाना | 06:03 | 11:42 |
| कांवट | 06:21 | 11:23 |
| श्रीमाधोपुर | 06:37 | 11:07 |
| रिंगस | 06:50 | 10:55 |
| सलेवाड़ी | 07:30 | 10:21 |
| फुलेरा | 08:30 | 09:50 |



कैथल। बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते।

#### मोहम्मद युनुस का जलाया पुतला

**कैथल।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के बैनर तले सैकड़ों हिंदुओं ने भाई उदय सिंह किले से लेकर पिहोवा चौक तक बांगलादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पिहोवा चौक पर बांग्लादेश के कार्यकारी प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाया। साथ ही पिहोवा चौक पर सामूहिक तौर पर हनुमान चालीसा पढ़कर इस प्रदर्शन का समापन किया। प्रदर्शन के दौरान "कैथल से उठी हर हिंदू की यही पुकार, बांग्लादेश में हिंदुओं पर न हो अत्याचार" जैसे नारे लगाए गए। यहां पहली बार ऐसा हुआ जब तमाम हिंदुओं ने धर्मांतरण के विरोध में जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए एक साथ 25 दिसम्बर के दिन हनुमान चालीसा पढी। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर का दिन, सामान्यतः ईसाई समुदाय के लिए क्रिसमस के रूप में जाना जाता है, बड़ी संख्या में हिंदुओं ने कैथल के मुख्य पिहोवा चौक पर एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ पढ़कर धार्मिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

ब च्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



### जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



### पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

### पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

### मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

### मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

### नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

## स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।

हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी
रेनू सैनी

# नववर्ष का संकल्प

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

नि र्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'



स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र


# प्रेरित करती रोचक कहानियां

ब च्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताब:** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका:** रेखा शाह आरबी, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### चीका गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ

**गुहला चीका।** सरबंसदानी दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें साला प्रकाश पर्व तथा छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी जी की अतुलनीय शहादत की पावन स्मृति में गुरुद्वारा छेवीं एवं नौवीं पातशाही, चीका में श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक सुरजीत सिंह मलिकपुर ने शहीदों की स्मृति में पहले दिन सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किए गए, जिनका भोग 27 दिसंबर को डाला जाएगा। इसी दिन धार्मिक दीवान भी सजाया जाएगा।

### सेवा में हरसंभव सहयोग दें : डॉ. सतनाम सिंह

**गुहला चीका।** श्री भवानी सेवा समिति द्वारा लगाए गए विशाल रक्तदान कैम्प में डॉ सतनाम सिंह एथलेटिक्स कोच ने पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के उपलक्ष्य में श्री भवानी मंदिर चीका द्वारा जिला रैडक्रास सोसयटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य रक्त दान करना चाहिए, क्योंकि यह एक पुण्य होने के साथ-साथ रक्तदान देने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभदायक है।

### किनाना में पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया

**जींद ।** सुशासन दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलाना विधानसभा के किनाना गांव में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामफल शर्मा के निवास पर भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयजी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा के सामने हाथ जोड़ कर उनको नमन किया व पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी अमर रहे। जब तक सूरज चांद रहेगा वाजपेई तेरा नाम रहेगा के उद्घोष लगाए।

### अवैध खनन का भाजपाई धंधा : रणदीप सुरजेवाला

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा में भाजपा सरकार पर अरावली पर्वत श्रृंखला को अवैध खनन के जरिए तबाह करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अरावली संरक्षण के नाम पर भाजपा की कागजी खानापूर्ति, जुबानी जमा-खर्च और हेडलाइन मैनेजमेंट के पीछे छिपी असलियत अब सबके सामने है। रणदीप सुरजेवाला ने कैथल से बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा संरक्षित अवैध खनन के काले धंधे ने अरावली का सीना छलनी कर दिया है।

### कार्यकर्ताओं 28 को करेंगे सम्मानित : सज्जन

**उचाना।** सदभाव यात्रा प्रबंधक मार्केट कमेटी उचाना पूर्व चेयरमैन सज्जन सिंह, उदयवीर सिंह पूनिया, अशोक सिवाच ने संयुक्त रूप से बताया कि सदभाव, एकता और भाईचारे के संदेश को लेकर निकली सदभाव यात्रा के द्वितीय चरण की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर को भिवानी के एसके रिसोर्ट में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह के आयोजक कांग्रेस नेता शिव शंकर भारद्वाज, राजू अहलावत है। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद कुमारी शैलजा होगी।

### पंचनद अध्ययन केंद्र के सदस्यों ने संभाला कार्य

**कैथल।** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में पंचनद अध्ययन केंद्र, कैथल (हरियाणा) की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के सभी सदस्यों ने सहभागिता की। डॉ मनोज भाम्भू की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचनद टोली के नव-नियुक्त सदस्यों ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। डॉ अशोक अत्रि ने अध्यक्ष, डॉ मोनिका जाखड़ ने सचिव, डॉ जितेन्द्र ठकराल उपाध्यक्ष, मनोज सीए कोषाध्यक्ष एवं डॉ रविंद्र जांगड़ा ने प्रैस सचिव का पद सम्भाला। पंचनद के परिचय एवं उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

---

## जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का आयोजन

# सुशासन समयबद्ध गतिविधि न होकर जनहित में चलने वाली निरंतर प्रक्रिया : कार्तिकेय

*कहा : सुशासन दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश में अच्छे शासन के सिद्धांतों को बढ़ावा देना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। बेहतरीन कार्य करने वालों को सम्मानित करते हुए राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में सुशासन व्यवस्था कायम की है ताकि देश में भ्रष्टाचार मुक्त प्रभावी और उत्तरदायी शासन व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदन मोहन मालवीय ने जो सपना देखा था, उस परिकल्पना को मूर्त रूप देना ही सरकार का मुख्य मुख्य उद्देश्य है।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा गुरूवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष में लघु सचिवालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, नगर परिषद जींद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, भाजपा नेता डा. पुष्पा तायल, जुलाना से भाजपा प्रत्याशी रहे योगेश बैरागी साथ रहे। इस अवसर पर जिला प्रशासन की और से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सुशासन दिवस कोई एक दिन का विषय नही है बल्कि यह पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याण से जुड़ी निरंतर प्रक्रिया है। अच्छे शासन का मूल उद्देश्य आम नागरिक तक योजनाओं का लाभ समय पर और बगैर किसी भेदभाव के पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन समयबद्ध गतिविधि ना होकर जनहित में चलने वाली निरंतर प्रक्रिया है। प्रशासन एवं सरकार की प्रत्येक योजना का समाज के आखिरी वांछित व्यक्ति तक फायदा पहुंचाने का जो सपना देश की महान विभूतियां भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी व पंडित मदन मोहन मालवीय ने देखा था, उस परिकल्पना को मूर्त रूप देना सरकार का मुख्य मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र अत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन की मजबूत नींव रखी थी। जिसे वर्तमान सरकार आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में आम नागरिकों को अपने कार्यों के लिए नेताओं या मंत्रियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते बल्कि वे सीधे मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं। सीएम विंडो जैसी व्यवस्था सरकार की जवाबदेही और पारदर्शिता को दर्शाती हैं।

### सुशासन दिवस पर इनको किया सम्मानित

सुशासन दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के तीन कर्मचारियों को जिला स्तरीय गुड गवर्नेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। प्रत्येक को 31 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। उच्चतर शिक्षा विभाग के सहायक प्रवक्ता गौरव बंसल को वित्तीय साक्षरता, नवाचार एवं राष्ट्रीय ज्ञान विनिमय के माध्यम से क्षमता निर्माण परियोजना के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चौधरी तथा एमआईएस मीनाक्षी को भी सम्मानित किया गया।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, उपमंडल अधिकारी सत्यवान मान, नगरायुक्त सुरेंद्र दून, नगराधीश मोनिका रानी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामराजी शर्मा, नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, जिला महामंत्री पुष्पा तायल, जिला उपाध्यक्ष गौरव भारद्वाज, धर्मवीर पिंडारा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री जयदेव अहिरका, जिला सचिव युद्धवीर नंबरदार सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया पूर्व पीएम वाजपेयी का जन्मदिवस

# जनता के प्रति संवेदनशीलता सुशासन का सबसे बड़ा आधार : रामचंद्र जांगड़ा

*अटल का संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। सांसद रामचंद्र जांगडा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का भव्य आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम और कुलवंत बाजीगर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के माध्यम से सभी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उद्बोधन भी सुना।

राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अटल का संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। उनके लिए शासन केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का एक पवित्र मार्ग था। उनका मानना था कि हम प्रशासक नहीं बल्कि जनता के सेवक हैं। सुशासन का सबसे बड़ा आधार संवेदनशीलता है। सुशासन का अर्थ यह है कि प्रशासन जनता के प्रति संवेदनशील बने और आमजन तक बिना परेशानी के सरकारी सेवाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि वे दिन रात आमजन की समस्याएं सुनकर समाधान करवाते हैं। रामचंद्र जांगड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 में जब उन्होंने हरियाणा की कमान संभाली थी तो तब से ही उन्होंने विभिन्न प्रकार के पोर्टल लांच करके सरकारी सेवाओं को आमजन तक सरल एवं सुगम तरीके से पहुंचाने का काम किया।

### शिकायत निवारण करने में कैथल जिला प्रदेश में अव्वल

डीसी अपराजिता ने कहा कि सुशासन दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं है। केवल 25 दिसंबर ही सुशासन दिवस नहीं माने, बल्कि हर दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाना है। जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और सेवा भाव से सीएम विंडो एवं समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान करने में जिला प्रदेश में अव्वल बना है। सीएम विंडो पर कुल 20162 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें से 19888 शिकायतों का निवारण किया गया। समाधान शिविर में कुल 5326 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4870 शिकायतों का समाधान किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

मुख्य अतिथि ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें कृषि विभाग से सहायक कृषि अभियंता जगदीश चंद्र मलिक, एसडीओ सतीश नारा, ब्लॉक कृषि अधिकारी बलवान सिंह एवं महिला बाल विकास विभाग से पीआईसीडीएस गुरजीत कौर, डब्ल्यूसीडीपीओ शशि बाला, ब्लॉक समन्वयक गौरव कौशिक, सहायक मुकेश कुमार व सुपरवाइजर नीलम शामिल रहे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, देवेंद्र पांचाल, प्रवीण प्रजापति, जिला पार्षद मनीष शर्मा, जिला प्रशासन की ओर से डीसी अपराजिता, एडीसी डा. सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# सुशासन दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

- बूथ नंबर 79 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस एवं सुशासन दिवस के अवसर पर बूथ नंबर 79 पर दीपक नंदराजोग महामंत्री के प्रतिष्ठान पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सुशासन, राष्ट्रवाद और विकास को नई दिशा दी। उनका जीवन सादगी, सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा का प्रेरणास्रोत है। सुशासन दिवस के माध्यम से उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर सुभाष हजवाना प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं चेयरमैन मार्किट कमेटी पूंडरी, हर्ष सेठी जिला सचिव, विनोद बंसल पूर्व मंडल अध्यक्ष, दीपक नंदराजोग मंडल महामंत्री, राजेश कुकरेजा मंडल मीडिया प्रभारी, ऋषि फतेहपुर मंडल महामंत्री, राजेंद्र गर्ग बूथ अध्यक्ष नाभ सिकंदर खेड़ी, हरी चंद सैनी प्रधान सब्जी मंडी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजौंद में पूर्व पीएम अटल को किया याद

**राजौंद।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर वीरवार को सुशासन दिवस मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। उनके लिए शासन केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का एक पवित्र मार्ग था। उनका मानना था कि हम प्रशासक नहीं बल्कि जनता के सेवक हैं। सुशासन का सबसे बड़ा आधार संवेदनशीलता है। सुशासन का अर्थ यह है कि प्रशासन जनता के प्रति संवेदनशील बने और आमजन तक बिना परेशानी के सरकारी सेवाओं का लाभ मिले। इस दौरान राजौंद मंडल प्रधान सुशील पांचाल जाखौली मंडल प्रधान अनील मलिक, पवन शर्मा,लोकेश राणा, संदीप राणा,कमल,राणा,जयबीर,गुड्डी राणा,अनु राणा, सतपाल शर्मा महेंद्र शर्मा, सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जींद। पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते ब्राह्मण सभा सदस्य।

### वाजपेयी का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान : धर्मवीर

**जींद ।** ब्राह्मण सभा जींद ने हवन यज्ञ कर एवं उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वतंत्रता सेनानी महामना पंडित मदनमोहन मालवीय की जयंती मनाई। ब्राह्मण सभा प्रधान धर्मवीर पिंडारा ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी का अहम योगदान है। मालवीय ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आगे हिंदू शब्द लगा कर हिंदू समाज का गौरव बढ़ाया। उनके त्याग, तपस्या और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। अटल के राष्ट्र के प्रति उनकी महान सेवाओं से हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने भारत को मजबूत बनाने और विकसित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर प्रभु दयाल गौड़ की पुण्यतिथि भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सियाराम शास्त्री, हरिराम दीक्षित, महासचिव भारतभूषण, कोषाध्यक्ष हर्षमोहन, रमेश मुद्गिल, संजय शर्मा नगर पार्षद, राधेश्याम शर्मा, मास्टर बलवान, लेखराज शर्मा, हरीश शर्मा, ईश्वर शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# श्रीराम आए हैं सब दीप जलाओ अयोध्या नगरी की हर गली सजाओ

- स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। मटकी म्हारी फोड़ दीए नंदलाल गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म महाविद्यालय उचाना मंडी प्रांगण में वार्षिक उत्सव मनाया गया। उत्सव का नाम युगांतर रखा गया। मुख्य अतिथि के तौर पर समाज सेवी दिलबाग संडील पहुंचे। मुख्य वक्ता सह-मंत्री हिंदू शिक्षा समिति कुरूक्षेत्र सुरेश पुरी रहे। विशिष्ट अतिथि कर्ण प्रताप सिंह रहे। अध्यक्षता सह-प्रांत मंत्री ग्रामीण शिक्षा एवं विकास समिति हरियाणा सुंदर ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। शिक्षा, खेल के क्षेत्र में होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने राजा हरिशचंद्र, कृष्ण जन्म, हरियाणवी लोक गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्रीराम आए है सब दीप जलाओ, अयोध्या नगरी की हर गली सजाओ, मटकी म्हारी फोड़ दीए नंदलाल गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। समाज सेवी दिलबाग संडील ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### नशा न करने के लिए किया जागरूक

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा जिले भर में नशा जागरूकता अभियान निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। इसी क्रम में नशा जागरूकता टीम द्वारा थाना राजौंद, सीवन तथा थाना शहर क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के दौरान पुलिस टीम ने युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नशा जागरूकता टीम में एसआई कर्मबीर, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत व सोनिया तथा राजपाल, प्रदीप कुमार और जसविंदर शामिल रहे।

# गांव संतोख माजरा में क्रिसमस-डे पर्व धूमधाम से मनाया, यीशु से मांगी शांति

- विदेशों से भी गांव की चर्च में आकर लोगों ने की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद। खरीददारी करते हुए लोग व सजी हुई चर्च का दृश्य।

गांव संतोख माजरा में क्रिसमस-डे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव में स्थित चर्च में दूर- दराज से आए हजारों लोगों ने प्रभु यीशु से प्रार्थना कर सुख शांति की कामना की। इस दौरान विदेशों से भी लोगों ने आकर भगवान यीशु से प्रार्थना की। इस दौरान गांव के पूर्व सरपंच व चर्च कमेटी के सचिव जोसफदास व पादरी आशीष एलफरेड ने बताया कि क्रिसमस डे की तैयारियां पिछले कई दिनों से की जा रही थी तथा चर्च को खूब सजाया गया था। चर्च के बाहर लगी छोटी छोटी दुकानों से लोगों ने खूब खरीददारी की। विदेश से आए लोगों ने बताया कि वैसे तो क्रिसमस डे पूरे संसार में मनाया जाता है। परन्तु अपने जन्म स्थान व अपने गांव में इस पर्व को मनाने में जो आनन्द आता है वह अन्य किसी स्थान पर नहीं मिलता। पादरी आशीष एलफरेड ने बताया कि सुबह प्रभु यीशु मसीह की प्रार्थना की गई। जिसमें सभी ने भाग लिया।

---

## अब पार्षद ने जांच को लेकर सीएम विंडो को दी शिकायत

# विधानसभा सत्र के पटल तक पहुंचा डोर टू डोर सफाई व्यवस्था का मामला

*पार्षद प्रीत जगदेव ने कचरा एकत्रित करने के नाम पर गड़बड़ी की आशंका जताई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


कलायत। सफाई से जुड़ी व्यवस्था की मुंह बोलती तस्वीरें।

कलायत नगरपालिका के साथ-साथ अब कैथल, कुरुक्षेत्र व जिला करनाल में डोर टू डोर सफाई व्यवस्था पर जांच के सवाल उठने लगे हैं। यह मामला इस बार विधानसभा सत्र के पटल पर भी पहुंचा। इसी कड़ी में स्वच्छ भारत से जुड़े मामले में भारी अनियतता और गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए वार्ड 5 से पार्षद प्रीत जगदेव ने इसकी सिरे से जांच को लेकर सीएम विंडो का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने बताया कि जिस एजेंसी को घर-घर से कचरा एकत्रित करने का टेंडर दिया गया है वह सरकार की नीति अनुसार काम नहीं कर रही। कचरा एकत्रित करने के नाम पर भारी गड़बड़ी है। क्योंकि न तो कलायत-पिंजुपुरा मार्ग पर स्थित डंपिंग यार्ड पर धर्म कांटा की व्यवस्था, न सीसीटीवी, न यार्ड का कोई दरवाजा है और न ही यार्ड में निगरानी के तौर पर नगर पालिका का कोई कर्मचारी तैनात है। इस तरह एजेंसी मनमाने ढंग से कचरे का भार तय कर रही है। इससे प्रतिदिन सरकार को बड़ा चूना लगाया जा रहा है। जबकि सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। पार्षद ने यह भी संदेह जाहिर किया है कि शहर से एकत्रित किए गए कचरे का पहले कलायत और बाद कैथल या अन्य डंपिंग यार्ड में डालकर दोबारा-दोबारा भुगतान करवाया जा रहा है। इसके अलावा कचरा एकत्रित करने के लिए शहर में जो वाहन एजेंसी द्वारा चलाए जा रहे हैं वे खस्ता हाल में हैं। इससे कर्मचारियों व आम नागरिकों की सुरक्षा में खतरा बना रहता है।

इन वाहनों में मेडिकल बाक्स व अग्नि नियंत्रक जैसे उपकरणों की भी कोई व्यवस्था नहीं है। इतना ही नहीं मांग के अनुरूप शहर में वाहनों की संख्या बेहद कम है। एजेंसी लगातार यह दावा करती है कि डोर टू डोर सफाई कार्य में किसी प्रकार की चूक नहीं। कचरा एकत्रित करने से निस्तारण तक प्रक्रिया अनुसार पारदर्शिता से काम पूरा किया जा रहा है।

इसके साथ ही सफाई कर्मियों को व्यवस्था एवं सुरक्षा के मामले में तमाम सुविधाएं मिल रही हैं। स्वच्छता पर आधारित जागरूकता को लेकर भी विभिन्न कार्यक्रम होते आए हैं। नगर पालिका जन प्रतिनिधियों व शहर के लोगों का कहना है कि कलायत व जिला कैथल धार्मिक दृष्टि से कुरुक्षेत्र की 48 कोस परिधि में शामिल है।

### गहनता से होगी जांच: मेनपाल राणा

सीएम विंडो प्रतिनिधि मेनपाल राणा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार सफाई व्यवस्था को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इसके लिए अलग-अलग टेंडरों के जरिये सफाई कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है। सीएम विंडो पर डोर टू डोर सफाई कार्य में अनियतितताओं को लेकर जो शिकायत की गई उसकी गहनता से जांच होगी। सरकार की नीति अनुसार व्यवस्था को कसौटी पर परखा जाएगा। उपरांत पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री भेजी जाएगी।